भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 'उड़ान' के अगले चरण का शुभारंभ और जोधपुर हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन**

**जोधपुर, 05 जुलाई 2026:** भारत के नागर विमानन क्षेत्र को बड़ी मजबूती देते हुए, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के अगले चरण की शुरुआत की और जोधपुर हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही, उन्होंने क्षेत्रीय हवाई संपर्कता का विस्तार करने और विश्व-स्तरीय विमानन अवसंरचना विकसित करने हेतु सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

यह कार्यक्रम राजस्थान के माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े; राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा; माननीय केंद्रीय नागर विमानन विमानन मंत्री श्री राममोहन नायडू किंजरापु; माननीय केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत; माननीय केंद्रीय नागर विमानन और सहकारिता राज्य मंत्री श्री मुरलीधर मोहोल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया।

अक्टूबर 2016 में शुरू की गई उड़ान योजना ने 669 हवाई मार्गों को आरंभ करके और 95 हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट और वॉटर एयरोड्रोम को जोड़कर क्षेत्रीय संपर्कता में अभूतपूर्व परिवर्तन किया है जिससे 1.66 करोड़ से ज़्यादा यात्रियों को लाभ हुआ है। इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 25 मार्च 2026 को 'उड़ान' के अगले चरण योजना' को मंज़ूरी दी। इसके अंतर्गत अगले दस वर्षों में लगभग ₹29,000 करोड़ का खर्च किया जाएगा, ताकि विमानन-आधारित विकास को तेज़ी दी जा सके और 'विकसित भारत 2047' के विज़न को आगे बढ़ाया जा सके।

'उड़ान' के अगले चरण योजना का उद्देश्य ₹12,159 करोड़ के निवेश से मौजूदा ऐसी हवाई पट्टियों (airstrips) को विकसित करके 100 हवाई अड्डे बनाना है, जहाँ अभी कोई हवाई सेवा नहीं दी जा रही है। इससे क्षेत्रीय हवाई अड्डों के प्रचालन और रखरखाव के लिए ₹2,577 करोड़ की सहायता मिलेगी, ₹3,661 करोड़ के निवेश से 200 आधुनिक हेलीपैड बनेंगे, और क्षेत्रीय एयरलाइन सेवाओं को जारी रखने के लिए ₹10,043 करोड़ की 'वायबिलिटी गैप फंडिंग' (viability gap funding) मिलती रहेगी। 'आत्मनिर्भर भारत' के विज़न को और मज़बूत करते हुए, यह योजना अल्पसेवित और दूर-दराज़ के क्षेत्रों में प्रचालन के लिए एचएएल ध्रुव और डॉर्नियर जैसे स्वदेशी विमानों और हेलीकॉप्टरों की खरीद को बढ़ावा देती है।

अवसंरचना के विस्तार, ऑपरेशनल सस्टेनेबिलिटी, लास्ट-माइल कनेक्टिविटी और घरेलू क्षमता विकास को मिलाकर, उड़ान के अगले चरण से देश में आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा मिलने, आवश्यक सेवाओं तक बेहतर पहुंच और समावेशी विकास के नए अवसर खुलने की आशा है।

इस अवसर पर, माननीय प्रधानमंत्री ने जोधपुर हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का भी उद्घाटन किया। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा ₹480 करोड़ की लागत से निर्मित यह एक अत्याधुनिक अवसंरचना है। नया टर्मिनल राजस्थान की प्रसिद्ध "ब्लू सिटी" जोधपुर और थार रेगिस्तान के प्रवेश द्वार में संपर्कता को मज़बूत करेगा और साथ ही इस क्षेत्र में बढ़ते पर्यटन, व्यापार और आर्थिक संभावनाओं को भी बढ़ावा देगा।

23,342 वर्ग मीटर में विस्तृत इस टर्मिनल को व्यस्ततम समय में 1,500 यात्रियों और वार्षिक 20 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें 20 चेक-इन काउंटर, एडवांस्ड सिक्योरिटी स्क्रीनिंग प्रणाली, आधुनिक बैगेज हैंडलिंग जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ और छह एयरोब्रिज हैं, ताकि यात्रियों को निर्बाध

सुविधाएं मिले। नए  एप्रन में 11 ए-321 और एक एटीआर-72 विमानों की पार्किंग हो सकती है, जबकि सिटी साइड अवसंरचना में लगभग 320 कारों की पार्किंग सुविधा है।

मौजूदा टर्मिनल, जिसकी वार्षिक क्षमता लगभग 4 लाख यात्रियों की थी, में  लगातार बढ़ते ट्रैफ़िक के कारण सेवा प्रदान करने में कठिनाईयां आ रही थी। नई सुविधा भावी आवश्यकताओं को पूरा करेगी और साथ ही इसमें सस्टेनेबल (पर्यावरण के अनुकूल) विशेषताएं जैसे कि ऊर्जा-दक्ष प्रणाली, जल संरक्षण के उपाय और हरित भवन प्रथाएं भी शामिल हैं, जिनका उद्देश्य 5- स्टार ग्रिहा रेटिंग प्राप्त करना है। वास्तुकला के माध्यम से राजस्थान की राजसी विरासत से प्रेरित यह टर्मिनल मेहराबों और झरोखों जैसी पारंपरिक तत्वों काआधुनिक डिज़ाइन के साथ संगम कराता है।

संशोधित उड़ान योजना का आरंभ और जोधपुर हवाई अड्डे पर नई टर्मिनल भवन का उद्घाटन, दोनों मिलकर भारत की विमानन यात्रा में एक और अहम उपलब्धि को दर्शाते हैं। ये पहल सरकार के उस उद्देश्य को मज़बूत करती हैं जिसके अंतर्गत एक ऐसा एकीकृत, सुलभ और फ्यूचर-रेडी एविएशन इकोसिस्टम बनाना है जो क्षेत्रीय संपर्कता को बढ़ाए, हवाई अड्डा अवसंरचना को मज़बूत करे, पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा दे, और देश में समावेशी सामाजिक-आर्थिक विकास को आगे बढ़ाए।

निगमित संचार निदेशालय , भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लि कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (सीसी)- 011-20818228

***प्रेस विज्ञप्ति संख्या :  06/2026-27***




उड़ान की यात्रा | THE JOURNEY OF UDAN
2021
2022
CONNECTING THE LAST MILE
2023
2024
12 AERODROMES OPERATIONALIZED
102
40,247
ROUTES
FLIGHTS
2025
2026
TOWARDS A CONNECTED BHARAT
EVERY REGION. EVERY CITIZEN. EVERY JOURNEY.